दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 07 मार्च 2020

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

सीएएः सवाल दर सवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैश्लेट जेरिया की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि वह इस मामले में मानवाधिकारों की रक्षा करने, उसे बढ़ावा देने और उस संबंध में आवश्यक वकालत करने के लिए मिले अधिदेश (मैंडेट) के आधार पर न्यायमित्र (तीसरे पक्ष) के तौर पर हस्तक्षेप करना चाहती हैं। उनकी दलील है कि भारत जनतंत्र और मानवाधिकारों के मामले में सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करता रहा है और भारतीय संविधान जनतंत्र और समानता का पक्षधर है, लेकिन यह कानून कहीं न कहीं इन मूल्यों से मेल नहीं खाता। कोर्ट से उनका आग्रह इस बात की जांच करने का है कि यह कानून जनतांत्रिकता और हर किसी को समान नजरिए से देखने की मूल भावना के अनुरूप है या नहीं। ऐसा पहली बार हुआ है जब यूएनएचआरसी ने भारत के किसी कानून के खिलाफ उसकी शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इसके पहले 27 फरवरी को यूएनएचआरसी उच्चायुक्त कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में कश्मीर और सीएए, दोनों पर गहरी चिंता जताई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि 'भारत में बहुत बड़ी तादाद में लोगों ने सीएए का विरोध किया है और इनमें सभी समुदायों के लोग शामिल हैं। यह विरोध मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा है मगर चिंता की बात है कि पुलिस ने इन विरोध प्रदर्शनों से निपटने में ज्यादतियां की हैं। इसके बाद सांप्रदायिक दंगे हुए, जिनमें लोग मारे गए हैं।' मानवाधिकार उच्चायुक्त ने यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को सौंपी है। बहरहाल, सीएए के मामले में यूएनएचआरसी की इस पहल पर भारत सरकार ने गहरी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि हमारा स्पष्ट रूप से मानना है कि भारत की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर किसी विदेशी पक्ष का कोई अधिकार नहीं बनता। भारत का रुख साफ है कि सीएए संवैधानिक रूप से सही है। एक बात तय है कि पिछले साल दिसंबर में पारित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) देश में अब तक पारित सबसे विवादास्पद कानूनों में से एक है। यह ऐसा कानून है जिसका बढ़-चढ़कर विरोध और समर्थन, दोनों हो रहा है। विरोध की घटनाएं देश के बाहर भी देखी जा रही हैं। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसे भेदभावपूर्ण मानती हैं। अभी पिछले महीने यूरोपीय संसद में सीएए को लेकर पेश पांच विभिन्न संकल्पों से संबंधित संयुक्त प्रस्ताव पर मतदान होना था, जिसे ऐन मौके पर टाल दिया गया। यह वाकई एक असाधारण मौका है, जब बाहर के लोग हमें याद दिला रहे हैं कि एक कानून के कारण हम अपने चिर-परिचित राष्ट्रीय चरित्र से दूर जा रहे हैं। बहरहाल, सीएए को लेकर कई तरह की याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई हैं।

यस बैंक पर आरबीआई के फैसले से हड़कंप, एटीएम पर लंबी कतारें

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा यस बैंक पर पाबंदी लगाए जाने के बाद बैंक के परेशान जमाकर्ताओं को एटीएम से धन निकालने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लंबी कतारों में खड़े जमाकर्ताओं को कहीं मशीनें बंद पड़ी मिलीं तो कहीं एटीएम में धन नहीं था।

इस बीच नकदी संकट से जूझ रहे यस बैंक में निवेश के लिए एसबीआई बोर्ड ने 'सैद्धांतिक' स्वीकृति दे दी है। यस बैंक के ग्राहकों की मुसीबत और बढ़ गई जब उन्हें इंटरनेट बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से धन स्थानांतरित करने में भी असुविधा झेलनी पड़ी।

» ई-बैंकिंग भी नहीं कर पा रहे लोग

बता दें कि वित्तीय संकट से जूझ रहे यस बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक ने पैसा निकालने की ऊपरी सीमा निर्धारित कर दी है। इसके तहत खाताधारक अब यस बैंक से 50 हजार रुपये से ज्यादा रकम नहीं निकाल सकेंगे। निकासी की यह सीमा तीन अप्रैल, 2020 तक लागू रहेगी। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने यस बैंक के निदेशक मंडल के अधिकारों पर रोक लगाते हुए एक महीने के लिए एसबीआई के पूर्व डीएमडी और सीएफओ प्रशांत कुमार की प्रशासक के रूप में नियुक्ति भी कर दी है। आरबीआई ने कहा कि यस बैंक लगातार एनपीए की समस्या से जूझ रहा है, जिसके चलते यह फैसला लेना पड़ा है।

आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के मुताबिक, यस बैंक में बचत, चालू या किसी अन्य जमा खाते से एक महीने के दौरान 50 हजार रुपये से ज्यादा धनराशि नहीं निकाली जा सकेगी। इसके अलावा यदि किसी के बैंक में एक से ज्यादा खाते हैं तो भी 50 हजार से ज्यादा धनराशि नहीं निकाली जा सकेगी। सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों को पूंजी के संकट से जूझ रहे यस बैंक को खरीदने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए मंजूरी दे दी है। उच्च स्तरीय सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस संबंध में जल्द ही कोई घोषणा की जा सकती है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता संस्थान एसबीआई की बृहस्पतिवार को मुंबई में बैठक भी हुई।

शुरुआती कारोबार में रुपया 65 पैसे कमजोर

मुंबई (आरएनएस)। वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच शुरुआती कारोबार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 65 पैसे टूटकर 73.99 पर खुला। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप से वैश्विक शेयर बाजार नुकसान में चल रहे हैं। इसके अलावा रिजर्व बैंक के येस बैंक पर रोक लगाने और उसके निदेशक मंडल को भंग करने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई है। घरेलू शेयर बाजारों की धीमी शुरुआत और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार निकासी से भी रुपये पर दबाव है। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे टूटकर 73.33 पर बंद हुआ था। आरंभिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने गुरुवार को शेयर बाजारों से 2,476.75 करोड़ रुपये की निकासी की।

कोरोना वायरस को लेकर बीसीसीआई करेगा पूरी तैयारीःगांगुली

» आईपीएल 2020 का आयोजन होगा

नईदिल्ली। कोरोना वायरस का कहर भारत भी पहुंच चुका है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या इस महामारी के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2020 संस्करण का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने इसे लेकर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि आईपीएल 2020 जारी रहेगा और कोरोना वायरस को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार को साफ कर दिया कि आईपीएल ऑन है और बोर्ड 29 मार्च से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट के सुचारू आयोजन को लेकर हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है।

यह पूछे जाने पर कि बोर्ड किस तरह कोरोनावायरस से निपटने के लिए तैयार है और क्या आईपीएल का आयोजन होगा? बोर्ड अध्यक्ष ने कहा, आईपीएल ऑन है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा

मिले आधिकारिक आंकडों के मुताबिक अब तक भारत में कोरोनावायरस के 30 कन्फर्म्ड मामलों की पुष्टि हो चुकी है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्ड सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कोरोनावायरस के सम्बंध में हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है।

सभी स्टेकहोल्डर्स, खिलाड़ियों, फ्रेंजाइजी, एअरलाइंस, टीम होटल्स, ब्राडकास्टिंग क्रू और इस लीग से जुड़े सभी पक्षों को जरूरी सावधानी और ऐहतियात बरतने के लिए सरकार के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा जाएगा।

दिल्ली में 2 दिनों में 30 पैसे लीटर सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल 22 पैसे

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में शुक्रवार को फिर लगातार दूसरे दिन कटौती की गई। देश की राजधानी दिल्ली में इन दो दिनों में पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 22 पैसे सस्ता हुआ है। तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल के दाम में दिल्ली और मुंबई में 15 पैसे जबकि कोलकाता में 14 पैसे और चेन्नई 16 पैसे प्रति लीटर की कटौती की। डीजल की कीमत में दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में 13 पैसे, जबकि मुंबई में 14 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल का दाम घटकर क्रमशः 71.14 , 73.82, 76.83 और 73.91 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चारों महानगरों में डीजल का भाव भी घटकर क्रमशः 63.81 रुपये, 66.14 रुपये, 66.82 रुपये और 67.34 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आई गिरावट के कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की जा रही है। बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड का भाव फिर वैश्विक बाजार में 50 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया है। वहीं, अमेरिकी लाइट क्रूड का भाव 46 डॉलर प्रति बैरल के नीचे तक फिसल चुका है। कोरोना वायरस का प्रकोप दुनियाभर में फैलने के कारण कच्चे तेल के दाम पर फिर दबाव देखा जा रहा है।

सोना 773 रुपये चढ़ा, चांदी 192 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कोरोना वायरस के तेजी से फैलने के बीच निवेशकों का निवेश के सुरक्षित विकल्प सोने की ओर रुख बना हुआ है। इसके चलते दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को 773 रुपये की लंबी छलांग के साथ 45,343 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 44,570 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तर्ज पर चांदी भी 192 रुपये की बढ़त के साथ 48,180 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले सत्र में यह 47,988 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि दिल्ली में 24 कैरट सोने का हाजिर भाव 773 रुपये की बढ़त के साथ 45,300 रुपये के स्तर को पार कर गया।

केनिन मैच प्वाइंट बचाकर क्वार्टर फाइनल में

लियोन। आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ने विश्व की 174वें नंबर की खिलाड़ी जैकलिन क्रिस्टीयन के खिलाफ मैच प्वाइंट बचाकर गुरुवार को यहां लियोन डब्ल्यूटीए टेनिस ओपन के चार्टर फाइनल में जगह बनायी।

दुबई और दोहा में पहले दौर में बाहर होने वाली केनिन ने क्रिस्टीयन को कड़े मुकाबले में 6-7 (5/7), 7-5, 6-4 से हराया।

पांचवीं रैंकिंग की अमेरिकी खिलाड़ी एक समय हार के कगार पर थी। तब रोमानियाई क्रिस्टीयन ने 5-4 की बढ़त हासिल कर रखी थी और उनके पास एक मैच प्वाइंट भी था। केनिन ने अपनी प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ी और मैच को तीसरे सेट तक खींचा। केनिन का अगला मुकाबला फ्रांस की ओसियानी डोडिन से होगा जिन्हें स्विट्जरलैंड की जिल टीचमैन के खिलाफ वाकओवर मिला। दूसरी वरीयता प्राप्त क्रिस्टीना मलाडनोविच दूसरे दौर में जर्मनी की अन्ना लेना फ्रीडसम से 6-3, 6-3 से हारकर बाहर हो गयी।

50 प्रतिशत गिरा यस बैंक का शेयर, सेंसेक्स 1435 अंक नीचे

मुंबई (आरएनएस)। कोरोनावायरस का प्रकोप और यस बैंक का संकट शेयर बाजार पर कहर बनकर टूटा है। शुक्रवार को शेयर बाजार महागिरावट के साथ खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1,435.14 अंक यानी 3.73 फीसदी की गिरावट के बाद 37,035.47 के स्तर पर खुला। जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 403.15 अंक यानी 3.58 फीसदी की गिरावट के बाद 10,865.85 के स्तर पर खुला। महज एक मिनट में निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। वहीं सुबह 11 बजे तक यस बैंक का शेयर करीब 50 फीसदी टूटकर 18.45 रुपये पर पहुंच गया। बता दें कि रिजर्व बैंक ने गुरुवार को संकट में फंसे यस बैंक पर मौद्रिक सीमा लगा दी। इसके तहत खाताधारक अब यस बैंक से 50 हजार रुपये से ज्यादा रकम नहीं निकाल सकेंगे।

आज का राशिफल

मेषः आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किये जाने की संभावना रहेगी।

वृषभः आज आप बहुत व्यस्त रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है।

मिथुनः आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा।

कर्कः भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा।

सिंहः आज का दिन मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण कार्यस्थल पर आप भटक सकते हैं।

कन्याः कार्यक्षेत्र में आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिकः व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सांयकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

धनुः आज आपकी विद्या- ज्ञान की वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में होती तरक्की से आपके अंदर दान-पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी।

मकरः आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

कुंभः आज का दिन बुद्धि-विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा।

मीनः आज बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित आर्थिक विवाद का हल निकल आएगा।

आनंद एल राय के जबरदस्त फैन हैं सारा अली खान

ऐक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अतरंगी रे की शूटिंग में बिजी हैं। हाल ही में उन्होंने ऐसे दो डायरेक्टर्स की तारीफ की जिनके साथ बॉलिवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान भी फ्लॉप फिल्में दे चुके हैं।

सारा ने हाल ही में कहा कि वह आनंद एल राय और उनके विजन की फैन हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह आनंद सर अपनी फिल्मों में महिलाओं का चित्रण करते हैं, वह तरीका उन्हें पसंद है।

यही नहीं, सारा ने फिल्ममेकर इम्तियाज अली के विजन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि लव आज कल के तुरंत बाद मैं एक और फिल्म कर रही हूं जो कि एक महिला और उसके नेरेटिव पर बेस्ड है। हालांकि, सारा और इम्तियाज की हालिया रिलीज फिल्म लव आज कल बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई।

बता दें, शाहरुख ने आनंद एल राय के साथ फिल्म जीरो और इम्तियाज अली के साथ फिल्म जब हैरी मेट सेजल की थी। दोनों ही फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कुछ खास नहीं रहा था और वे फ्लॉप की कैटिगरी में शामिल हो गईं।

बात करें सारा की अपकमिंग फिल्म की तो अतरंगी रे में वह अक्षय कुमार और धनुष जैसे ऐक्टर्स के साथ नजर आएंगी। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दोनों स्टार्स के साथ काम करने का यह बड़ा मौका है। धनुष अद्भुत हैं लेकिन अंडस्टेटेड ऐक्टर हैं। सारा ने अपने बॉलिवुड करियर की शुरुआत फिल्म केदारनाथ से की थी।

'भूल भुलैया 2' से जुड़ा एक और बड़ा नाम

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 2 इस समय चर्चा में हैं। फिल्म की कास्ट में एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। 'ओह माय गोड', ' बैंडिट चीन' जैसी फिल्मों में अपनी विलन के रोल के लिए फेमस गोविंद नामदेव 'भूल भुलैया 2' की स्टार कास्ट से जुड़ गए हैं। इस फिल्म के अलावा गोविंद नामेदव सलमान खान के साथ फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई'में भी नजर आएंगे।

गोविंद नामदेव ने कहा कि मैं फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हूं। मैं जयपुर में शूटिंग कर रहा हूं। इस पीढ़ी के ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना वास्तव में बहुत अच्छा लगता है।



कियारा आडवाणी बेहतरीन ऐक्ट्रेस हैं और कार्तिक आर्यन दिल चुराने वाले आर्टिस्ट हैं। दोनों ने हाल फिलहाल में हिट फिल्में दी हैं और मैं सच में उनके काम और प्रतिभा की प्रशंसा करता हूं।

गोविंद नामदेव ने आगे कहा कि इसलिए ऐसे स्टार कास्ट के साथ काम करना अच्छा लगता है। वे सच में मुझे काफी सम्मान देते हैं। अनीस बज्मी सच में असाधारण हैं। सब कुछ शानदार है। बता दें कि फिल्म का दूसरा शेड्यूल लखनऊ में मार्च के पहले सप्ताह से शुरू होगा। बताते चलें कि भूल भुलैया का पहला पार्ट 2007 में प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बना था।

मीठे में बनाइए स्पेशल सेब का हलवा

सामग्री :

सेब- 2 पीस मध्यम आकार के इलाइची पाउडर- 1 चम्मच, दूध- 250 ग्राम, खोया - 200 ग्राम, घी या मक्खर- हलवे को भूनने के लिए, चीनी - 4 बड़े चम्मच, ड्राई फ्रूट्स - 1 कटोरी (बादाम, काजू, किशमिश), नारियल - 2 चम्मच (कद्दूकस किया हुआ),

विधि

सेब को हल्के गुनगुने पानी से धो लीजिए और छिलकर कद्दूकस कर लीजिए एक पैन को गर्म करके उसमें घी या मक्खन अपनी सुविधा अनुसार डालकर गर्म कीजिए।

जब घी गर्म हो जाए तो उसमें कद्दूकस किया हुआ सेब डालकर हल्की आंच पर भूनिए जब सेब हल्का लाल हो जाए और घी छोड़ने लगे तो इसमें इलायची पाउडर और दूध को डालकर अच्छे से मिक्स कीजिए दूध, इलायची को डालने के बाद जब सेब का टेक्सचर गाढ़ा हो जाए तो इसमें कद्दूकस करके खोया डालिए खोया को सेब के हलवे के साथ अच्छे से पकने दीजिए जब ये सभी चीजें कद्दूकस किए हुए सेब में अच्छे से मिक्स हो जाए तो हलवे को गैस से उतार लीजिए।

अब इसमें ड्राई फ्रूट्स बादाम, काजू और किशमिश डालिए सेब के हलवे को सर्व करते हुए कद्दूकस किए हुए नारियल से गार्निशिंग कीजिए सेब का हलवा बनाते वक्त ध्यान रहे कि सेब को हाथों हाथ ही कद्दूकस करें. पहले से कद्दूकस किए गए सेब का हलवा बनाने से इसके टेस्ट और रंग में फर्क आ सकता है।

शब्द सामर्थ्य- 55

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. धाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 54 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू- 55

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.54 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1